ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, गुरूवार 13 नवम्बर 2025

वर्ष 2 अंक 198

देश में 6 करोड़ मृतकों के आधार कार्ड एक्टिव:पश्चिम बंगाल में 34 लाख ID धारक अब जिंदा नहीं; UIDAI ने सर्वे शुरू किया



24 न्यूज अपडेट

देश में जनवरी 2009 में आधार कार्ड लागू हुआ था। हर नागरिक को आधार नंबर जारी करने की शुरुआत के 15 साल हो चुके हैं। इस दौरान 142 करोड़ से अधिक आधार कार्ड जारी हुए, लेकिन 8 करोड़ से ज्यादा धारकों की मौत के बावजूद 1.83 करोड़ कार्ड ही निष्क्रिय हो पाए हैं।

करीब 6 करोड़ मृतकों के आधार अभी सक्रिय हैं। पश्चिम बंगाल में लगभग 34 लाख आधार कार्ड धारकों की मौत हो चुकी है। हालांकि, उनके आधार कार्ड अब भी एक्टिव हैं। इससे बैंक फ्रॉड, फर्जी खातों और सरकारी योजनाओं के लाभ में गड़बड़ी जैसी आशंकाएं बढ़ गई हैं।

यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी UIDAI के CEO भुवनेश कुमार के मुताबिक भारत के महापंजीयक (RGI) से अब तक UIDAI को 1.55 करोड़ मृतकों का डेटा मिला है। नवंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच 38 लाख और मृतकों की सूची जुड़ी।

इनमें 1.17 करोड़ की पहचान पुष्ट हुई है और उनके आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं। प्राधिकरण का अनुमान है कि दिसंबर तक 2 करोड़ कार्ड निष्क्रिय हो जाएंगे। UIDAI ने चार महीने पहले वेबसाइट पर मृत्यु सूचना पोर्टल शुरू किया ताकि परिजन मृतक का आधार ऑनलाइन निष्क्रिय करा सकें।

अब तक केवल 3,000 लोगों ने यह जानकारी दर्ज की है, जिनमें से 500 मामलों में ही पुष्टि हो सकी और उनके कार्ड निष्क्रिय किए गए हैं।

भुवनेश कुमार ने कहा, आधार की शुरुआत 2010 में हुई। वहीं, 2016 के बाद से करीब 8 करोड़ आधार धारकों की मृत्यु का अनुमान है। सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम से केवल 25 राज्यों के आंकड़े मिलते हैं। बाकी राज्यों से डेटा जुटाने का काम जारी है।

उन्होंने आगे बताया कि जब आधार जारी होना शुरू हुआ तो देश में सालाना मौतें करीब 56 लाख थीं। बढ़ते-बढ़ते आंकड़ा 85 लाख पहुंच गया। इसलिए हम 2016 से अब तक आठ करोड़ मौत मान रहे हैं। मृत्यु का पंजीकरण अब भी बेहद कैजुअल है।

48 लाख रिकॉर्ड का मिलान नहीं; 80 मृतक जिंदा

करीब 48 लाख नामों का मिलान अब तक नहीं हो पाया है। इनमें से 4–5% रिकॉर्ड क्षेत्रीय भाषा में दर्ज जानकारी के कारण मैच नहीं हो सके।

इस प्रक्रिया में 80 ऐसे मामले सामने आए जिनमें मृत घोषित किए गए लोग बाद में जिंदा पाए गए। अब इन मामलों की जांच चल रही है।

100 साल पार करने वाले 8.3 लाख आधार की जांच

UIDAI के डेटाबेस में 8.30 लाख आधार धारकों की उम्र 100 साल से अधिक दर्ज है।

इनमें सर्वाधिक महाराष्ट्र में 74,000, यूपी में 67,000, आंध्र में 64,000 व तेलंगाना में 62,000 कार्ड धारक शामिल हैं।

राज्यों ने इनमें से अब तक 3,086 मामलों की ही पुष्टि की। इनमें 629 जिंदा, 783 मृत और 1,674 की जानकारी नहीं मिली।

बैंकों और राशन सिस्टम से भी गड़बड़ी के संकेत

एसबीआई के 22 करोड़ आधार-लिंक्ड खातों में 8 लाख मृतकों के खाते बंद किए गए।

पीएनबी के 14 करोड़ खातों में से 4 लाख मौतों की पुष्टि हुई।

पीडीएस से जुड़े 80 करोड़ राशन कार्डों में से 4.5 लाख मृतकों के कार्ड सक्रिय पाए गए।

दो करोड़ पेंशनरों में 22 लाख की मौत की पुष्टि। बीमा कंपनियों के पास 5 लाख मृतकों की जानकारी।

एस्ट्रोलॉजर स्कैम-पेमेंट लिंक से बैंक अकाउंट खाली हो रहे:60 हजार करोड़ रुपए का मार्केट; युवा पूछ रहे- एक्स कब वापस आएगा



24 न्यूज अपडेट

इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने सोशल मीडिया पर ऑनलाइन एस्ट्रोलॉजर स्कैम्स के खिलाफ अलर्ट जारी किया है। साइबर क्रिमिनल्स फेक सर्टिफाइड एस्ट्रोलॉजर बनकर लोगों को फंसाते हैं, फ्री कंसल्टेशन से ट्रस्ट बनाते हैं और फिर पैसे मांगते हैं।

एक पीड़ित ने बताया कि फ्री कंसल्टेशन के बाद 10,000 की डिमांड की गई, लेकिन पेमेंट लिंक से बैंक अकाउंट खाली हो गया। साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने कहा- डिस्ट्रेस्ड लोग क्विक सॉल्यूशंस की तलाश में फंस जाते हैं, इसलिए सावधानी जरूरी है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के मुताबिक भारत में एस्ट्रो मार्केट 60,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का हो चुका है। अकेले डिजिटल सेगमेंट में इसके 2030 तक 10 गुना बढ़ने की उम्मीद है।

केवल भारत में ही नहीं अमेरिकी मार्केट में भी ये पॉपुलर हो रही है। अलाइड मार्केट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में ऑनलाइन एस्टोलॉजी के मार्केट की वैल्यू करीब 3 बिलियन डॉलर का है। अगले पांच सालों में ये तीन गुना बढ़ सकता है।

सबसे पॉपुलर ज्योतिष एप्स में से एक को-स्टार के पास 3 करोड़ रजिस्टर्ड यूजर्स हैं। वहीं प्यू रिसर्च सेंटर की स्टडी के मुताबिक, अमेरिका के करीब 30% लोग साल में कम से कम एक बार हॉरोस्कोप, टैरो काड्र्स या फॉर्च्यून टेलर्स से सलाह जरूर लेते हैं।

सीकर में एक वोटर के 7 वोटर ID कार्ड जारी, निर्वाचन आयोग ने मानी गलती; कांग्रेस ने कहा – "व्यक्ति एक, वोट अनेक"



24 न्यूज अपडेट

सीकर। राजस्थान के सीकर जिले में निर्वाचन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां 18 वर्षीय मतदाता मेघराज पटवा के नाम से एक साथ 7 वोटर ID कार्ड (EPIC कार्ड) जारी हो गए। सभी कार्डों में फोटो, नाम, जन्मतिथि और अन्य विवरण एक जैसे हैं, केवल EPIC नंबर अलग-अलग हैं। मामला तब सुर्खियों में आया जब कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसे साझा करते हुए लिखा — "व्यक्ति एक, वोट अनेकः BJP की वोट चोरी योजना"। उन्होंने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश कुमार ने संविधान के 'एक व्यक्ति, एक वोट' सिद्धांत को चौपट कर दिया है।" कांग्रेस के इस कटाक्ष के बाद निर्वाचन आयोग ने तत्काल फैक्ट चेक करवाया। जांच में पुष्टि हुई कि मतदाता मेघराज पटवा ने नाम जुड़वाने के लिए सात बार ऑनलाइन फार्म-6 भर दिया था, जिसे बूथ स्तरीय अधिकारी (BLO) ने सही से जांच नहीं किया। परिणामस्वरूप, एक ही व्यक्ति के नाम से सात अलग-अलग वोटर ID कार्ड जारी हो गए। आयोग ने इस गलती को स्वीकार करते हुए संबंधित बूथ अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। साथ ही बताया गया कि वर्तमान में चल रहे SIR 2026 विशेष पुनरीक्षण अभियान में उक्त मतदाता से केवल एक गणना प्रपत्र भरा गया है और बाकी छह नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरवाए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि आगामी मतदाता सूची में मेघराज पटवा का नाम केवल एक बार ही प्रकाशित होगा।

पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं:कार में आग लगने से 7 की मौत; ट्रक का ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ



24 न्यूज अपडेट

पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक और कंटेनर के बीच में फंसी एक कार में आग लग गई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों में 5 कार सवार थे। ट्रक और कंटेनर के ड्राइवरों की भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनरों के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकेंड में ही लपटों में घिर गई।

मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है।

सोना 2,641 बढ़कर 1.26 लाख के पार पहुंचा:चांदी 6,025 महंगी हुई; इस साल सोना 50,000 और चांदी 78 हजार महंगी हुई



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 13 नवंबर को बड़ी बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना आज 2,641 रुपए बढ़कर 1,26,554 रुपए पर पहुंच गया। कल इसका भाव 1,23,913 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

वहीं, चांदी 6,025 रुपए बढ़कर 1,62,730 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। कल यह 1,56,705 रुपए प्रति किलो थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

दिल्ली ब्लास्ट-यात्रियों को एक घंटे पहले स्टेशन पहुंचने की सलाह:दिल्ली पुलिस की एडवाइजरी; मेट्रो स्टेशन 20 मिनट और एयरपोर्ट पर 3 घंटे पहले पहुंचें



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली में ब्लास्ट के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें यात्रियों से रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के कारण होने वाली देरी से बचने के लिए समय से पहले पहुंचने के लिए कहा गया है।

दिल्ली के जॉइंट पुलिस कमिश्नर मिलिंद डुंबरे ने एडवाइजरी में कहा कि दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट पर यात्रियों की जांच की जा रही है। इसलिए ट्रेन से यात्रा करने वाले पैसेंजर्स ट्रेन जाने के टाइम से कम से कम एक घंटा पहले स्टेशन पहुंचें।

एडवाइजरी में दिल्ली मेट्रो से जाने वाले लोगों को 20 मिनट पहले पहुंचने और फ्लाइट से जाने वाले पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पर कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी गई है। दरअसल, 10 नवंबर को लाल किला परिसर के पास सिग्नल पर i20 कार में ब्लास्ट के बाद दिल्ली में सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है। इस आतंकी घटना में 13 लोगों की मौत हो गई थी और 20 लोग घायल हैं।

अधिकारियों ने लोगों से सहयोग की अपील की

यह एडवाइजरी इसलिए जारी की गई है ताकि सुरक्षा जांच आसानी से हो सके और लोगों को आखिरी समय में परेशानी न हो। अधिकारियों ने लोगों से सहयोग करने की अपील की है ताकि सतर्कता के इस समय में सुरक्षा और यात्रा व्यवस्था ठीक से बनी रहे।

दिल्ली ब्लास्ट में नया खुलासा

लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और i20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियां अब तक तीन कारें बरामद कर चुकी हैं।

केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। बुधवार को कैबिनेट मीटिंग में टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया।

MP-राजस्थान में शीतलहर, 17 शहरों में 10 से कम तापमान:दिल्ली-हरियाणा में हवा जहरीली, AQI 400 पार; सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ मास्क काफी नहीं



24 न्यूज अपडेट

मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब सहित कई राज्यों में शीतलहर चल रही है। राजस्थान के 9 शहरों और मध्य प्रदेश के 8 शहरों में बुधवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। भोपाल में लगातार पांचवें दिन रात का पारा 8 डिग्री दर्ज किया गया।

हरियाणा के 7 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। नारनौल में सबसे कम तापमान 7.7 डिग्री रहा। दिल्ली में 10.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम था। दिल्ली और हरियाणा में लोगों को सर्दी के साथ जहरीली हवा का भी सामना करना पड़ रहा है।

दोनों राज्यों के 13 शहरों में AQI 400 के पार पहुंच गया है। हरियाणा का जींद 418 AQI के साथ सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा। दिल्ली के बवाना में AQI 451 और चांदनी चौक में AQI 449 दर्ज किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में प्रदूषण स्थिति बेहद गंभीर है, मास्क भी पर्याप्त नहीं है।

इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आसपास का इलाका जहरीली धुंध की घनी चादर में लिपटा हुआ नजर आया। लुटियन जोन के इंडिया गेट के पास AQI 408 दर्ज किया गया। धुंध की परतें इतनी गहरी थीं कि इंडिया गेट कहीं छिप सा गया था।

शेयर बाजार में आज फ्लैट कारोबार:सेंसेक्स 12 अंक चढ़कर 84,478 पर बंद, निफ्टी 3 अंक चढ़ा; FMCG-IT शेयर गिरे



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी 13 नवंबर को बाजार गिरावट और तेजी के बाद फ्लैट बंद हुआ। सेंसेक्स 12 अंक चढ़कर 84,478 पर वहीं निफ्टी 3 अंक की तेजी के साथ 25,879 पर क्लोज हुआ।

सेंसेक्स के 30 में 20 शेयरों में गिरावट रही। टाटा कॉमर्शियल व्हीकल (TMCV), जोमैटो और इंफोसिस के शेयर्स 4% तक गिरे हैं। वहीं एशियन पेंट्स, ICICI बैंक और पावरग्रिड के शेयर 3.8% तक चढ़े।

NSE के ऑटो, FMCG और IT सेक्टर में ज्यादा गिरावट देखने को मिली है।

संपादकीय : आपदा का जलवायु

एक तरफ जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट लगातार बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों की गति धीमी पड़ रही है दुनिया भर में हो रहे नए-नए अध्ययन और वैज्ञानिक शोध चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो निकट भविष्य में इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन का भारत समेत पूरी दुनिया में प्रभाव साफ दिखने लगा है। ब्राजील के बेलेम में आयोजित काप 30 सम्मेलन में बुधवार को जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक - 2026' की रपट में कहा गया है कि जलवायु आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत नौवें स्थान पर है। पिछले तीन दशकों में देश में जलवायु आपदाओं के कारण करीब अस्सी हजार लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की ओर से इस संकट से निपटने को लेकर किए जा रहे दावों के बीच ये आंकड़े वास्तव में चिंताजनक है। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि सरकारी प्रयासों को अभी और व्यापक करने तथा उन्हें गति देने की जरूरत है। रपट के मुताबिक, जलवायु आपदाओं से वर्ष 1995 से 2024 तक लगभग 170 अरब अमेरिकी डालर का आर्थिक नुकसान हुआ है। जान-माल का सबसे ज्यादा नुकसान बाढ़, चक्रवात, सूखा और तेज गर्मी के कारण हुआ है। इसके पीछे बढ़ता वैश्विक ताप भी एक बड़ा कारक है, जो जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। भारत में यह स्थिति निरंतर खतरे का संकेत दे रही है, क्योंकि बार-बार होने वाली मौसमी आपदाओं से जहां विकास की गति कमजोर होती है, वहीं आम लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। रपट में कहा गया है। कि पिछले वर्ष भारत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से अस्सी लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हालांकि, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और वन आवरण बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं, लेकिन इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से अमल में लाने की जरूरत है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें, तो पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने आठ लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी लील ली है। यह बात छिपी नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर उन्हीं विकासशील देशों को झेलना पड़ रहा है, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भागीदारी सबसे कम है। विकासशील देश कमजोर सहन क्षमता और अनुकूलन के सीमित संसाधनों के कारण ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। भारत सहित कई विकासशील देशों में जलवायु आपदाएं सामान्य स्थिति बनती जा रही हैं, जिसके लिए तत्काल और व्यापक वित्त पोषित अनुकूलन उपायों की जरूरत है। यह जगजाहिर है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में विकसित देशों का योगदान सबसे ज्यादा है, इसलिए अनुकूलन उपायों को लेकर उनकी जिम्मेदारी भी अधिक होनी चाहिए। उनकी भूमिका सिर्फ वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी और कमजोर देशों के अनुकूलन प्रयासों का समर्थन करना भी शामिल है।

सजगता का संदेश

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ इसके साथ ही जो सुखद तस्वीर सामने आई, वह है लोकतंत्र के इस पर्व में महिला मतदाताओं की बढ़-चढ़ कर भागीदारी। यह न केवल महिलाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है, बल्कि समाज में जागरूकता का संदेश भी देता है। राज्य की महिलाओं ने यह साबित कर दिया कि वे अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति सजग हैं। इसी का नतीजा है कि राज्य के अब तक के चुनावी इतिहास में इस बार महिलाएं मतदान में पुरुषों से कहीं आगे रहीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले चरण में 61.56 फीसद पुरुषों के मुकाबले 69.04 फीसद महिलाओं ने मतदान किया। यह सिलसिला दूसरे चरण में भी जारी रहा और 64.01 फीसद पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान 74.03 फीसद रहा । यह परिदृश्य राजनीति और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त होती भूमिका को रेखांकित करता है। बिहार में महिलाएं कई स्तरों पर जागरूक हुई हैं। उनका दायरा अब घरों तक सीमित नहीं है। मतदान के प्रति महिलाओं का बढ़ता उत्साह इस बात का प्रमाण है कि वे देश और राज्य की समस्याओं से अवगत हैं और उन्हें दूर करने में वे अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहती हैं। महिलाओं में आई इस सजगता को इस रूप में भी महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है कि वे अपने मत की अहमियत को जानने एवं समझाने लगी हैं। हालांकि महिलाओं का मतदान फीसद बढ़ने के पीछे पुरुषों का रोजगार के लिए दूसरे राज्य में पलायन भी एक कारक हो सकता है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार चुनने के निर्णय में महिलाएं बराबर की भागीदार बनना चाहती हैं। बिहार की महिलाओं ने इस बार मतदान में बढ़चढ़कर भाग लेकर जो मिसाले पेश की है, पूरे देश के लिए एक बड़ा संदेश है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मोर्चे पर भी महिलाएं अपना कौशल दिखाना चाहती हैं। उनकी इस इच्छाशक्ति को समझने और सम्मान देने की जरूरत है ।

फुटपाथ के इस राजनीतिक 'तख्त' पर किस सिंह का है 'राज'



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में सीए सर्कल से आगे सेटेलाइट हॉस्पिटल के नीचे सेक्टर-14 में ये जो केबिन आप देख रहे हैं ये आजकल चर्चा और गोसिप का विषय बने हुए हैं। खास तौर पर सविना खेड़ा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद से अब लोगों में इन केबिनों और उनके मालिक को लेकर कई सारे कयास लगाए जा रहे हैं। इसमें भी एक नामी राजनेता का नाम सामने आ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये सभी केबिन अवैध रूप से यहां पर किसी बड़े नेता की छत्रछाया में लगवाए गए हैं। इसमें भी एक दुकानदार ने तो हद करते हुए फुटपाथ पर ही अपना पक्का निर्माण कर लिया है। शायद दुकानदार को पता है कि प्रभावशाली नेताजी के आगे उसका यूडीए कुछ नहीं बिगाड़ सकती। लोग कह रहे हैं कि इस फुटपाथ वाले तख्त पर शायद खुद को सिंह मानने वाले एक राजनेता का राज चल रहा है। चर्चा यह भी है कि जिन नेताजी का नाम हम आपको नहीं बता रहे हैं, और आप शायद अब तक उनका नाम जान चुके होंगे वे नेताजी इन केबिनों से मासिक किराया भी वसूल रहे हैं। याने नेताजी बहुत ही परफेक्टली खेल खेल रहे हैं, और फुटपाथ पर धन उगाही का आनंद भी लूट रहे हैं। अगर जिला प्रशासन चाहे और नेताओं के मोहजाल से हटकर कोई कार्रवाई करने का मन बनाएं तो यह उनके लिए क्लासिक एग्जाम्पल हो सकता है। आपको बता दें कि जिन नेताजी के चर्चे हो रहे हैं आजकल उनके इसी तरह के और कई कारनामे भी खुलकर सामने आ रहे हैं। नेताजी ने कहां सेटिंग करके प्लॉट लिया, किस जमीन पर नेताजी पीछे से बेक सपोर्ट कर रहे हैं और कहा-कहां पर राजनीतिक छतरी तान कर नेताजी अवैध धंधों की सुरक्षा कर रहे हैं यह सामने आ रहा है। आपकी जागरूकता ही हमारी ताकत है।

भूपालपुरा दरबार में साईं साबूराम साहिब की 52वीं बरसी का भव्य समापन, भक्ति और श्रद्धा में डूबा वातावरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सिन्धी समाज के पूज्य संत साईं साबूराम साहिब की 52वीं तीन दिवसीय बरसी का भव्य समापन गुरुवार को भूपालपुरा स्थित साईं साबूराम दरबार में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन अखण्ड पाठ साहिब के भोग और सत्संग कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। गुरु पर विश्वास और धैर्य से सफलता — स्वामी रामचन्द्र जी दरबार के गद्दीनशीन स्वामी रामचन्द्र जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि "गुरु पर विश्वास रखो, धैर्य और परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है।" उन्होंने साईं साबूराम साहिब के उपदेशों पर चलने और समाज में प्रेम, एकता और सेवा भावना बनाए रखने का संदेश दिया। भजन-सत्संग में गूंजे जयघोष कार्यक्रम के दौरान संतों द्वारा भजन-सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें गुरु महिमा और सद्गुरु की शिक्षाओं का सुंदर वर्णन किया गया। पूरे दरबार का वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा और श्रद्धालु "जय साईं साबूराम" के जयघोषों से भावविभोर हो गए। दरबार के सेवादार राजेश खत्री ने बताया कि बरसी के अंतिम दिन उदयपुर सहित इंदौर, जयपुर, अजमेर, कोटा, भीलवाड़ा, वेरावल और अहमदाबाद से सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रताप राय चुग, सुखराम बालचंदानी, किशन वाधवानी, राजेश खत्री, दीपेश हेमनानी, विक्की खत्री, सुनील कालरा सहित अनेक श्रद्धालु एवं सेवादार उपस्थित रहे।

शहर के वरिष्ठ साहित्यकार कुंदन माली को गुजरात हिंदी साहित्य अकादमी के दो पुरस्कार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 नवंबर। शहर के वरिष्ठ कवि, आलोचक एवं अनुवादक प्रोफेसर कुंदन माली को गुजरात हिंदी साहित्य अकादमी ने दो पुरस्कारों से नवाजा है। गुजरात हिंदी साहित्य अकादमी के रजिस्ट्रार डॉ जयंत सिंह जादव मैं विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा करते हुए बाल साहित्य विभाग एवं अनुवाद के क्षेत्र में मालिक की दो पुस्तकों को पुरस्कृत करने की जानकारी दी। गुजरात हिंदी साहित्य अकादमी की ओर से हिंदी भाषा साहित्य के क्षेत्र में वर्ष 2022 के लिए अनुवाद के क्षेत्र में प्रोफेसर माली की पुस्तक घर और आकाश को पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसी प्रकार इसी वर्ष के लिए बाल साहित्य के क्षेत्र में उनकी पुस्तक कविता की गुल्लक को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर कुंदन माली उदयपुर के टेकरी के निवासी हैं। उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफेसर के रूप में 27 वर्षों तक सेवाएं प्रदान की। हिंदी और राजस्थानी में समान अधिकार से लिखने वाले प्रोफेसर माली केंद्रीय अकादमी, राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर तथा राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर से भी विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित है। राजस्थानी व हिंदी साहित्य में आलोचक तथा अनुवाद के क्षेत्र में देशभर में उनका नाम आदर से लिया जाता है। वर्ष 2017-18 में राजस्थान साहित्य अकादमी की मासिक पत्रिका मधुमति के संपादन का कार्यभार भी वे संभाल चुके हैं। हिंदी, राजस्थानी एवं अंग्रेजी में वे अब तक 30 पुस्तकों की रचना कर चुके हैं। पुरस्कारों की घोषणा होते ही प्रोफेसर मलिक के प्रशंसकों में हर्ष की लहर है और देशभर से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस कार्मिकों को हेलमेट वितरित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत बुधवार को पुलिस थाना गोवर्धनविलास में हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, भा.पु.से. के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उदयपुर श्री गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, आरपीएस के सुपरविजन में किया गया। इस दौरान वृताधिकारी वृत गिर्वा श्री गोपाल चंदेल के नेतृत्व में तथा थानाधिकारी पुलिस थाना गोवर्धनविलास श्री दिलीप सिंह झाला के सहयोग से पुलिस कार्मिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सड़क सुरक्षा अभियान के संदेशों के साथ पुलिस कार्मिकों को कुल 40 हेलमेट वितरित किए गए। अधिकारीगणों ने इस अवसर पर कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों के लिए भी एक सकारात्मक संदेश है। पुलिस विभाग ने अपील की कि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें और "पहले सुरक्षा, फिर यात्रा" के सिद्धांत को अपनाएं।

आयुषी कोठारी को पीएचडी की उपाधि, महिला उद्यमिता में निजी बैंकों की भूमिका पर किया शोध



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, 13 नवम्बर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर के गुरुवार को आयोजित 21वें दीक्षांत समारोह में खेरवाड़ा की आयुषी कोठारी (पत्नी प्रतीक जैन) को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। आयुषी को यह उपाधि मुख्य अतिथि नेशनल काउंसिल ऑफ टीचर्स एजुकेशन (एनसीटीई) के चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि भक्त कवि नरसिंह मेहता विश्वविद्यालय, जूनागढ़ के कुलपति प्रो. प्रताप सिंह चौहान, राज्यपाल सलाहकार (उच्च शिक्षा) प्रो. कैलाश सोडानी, वीएमओयू कोटा के कुलगुरु प्रो. बी.एल. वर्मा, विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत और परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन द्वारा प्रदान की गई। आयुषी ने डॉ. प्रीति अग्रवाल के मार्गदर्शन में वाणिज्य (कॉमर्स) विषय में "A Study on the Role of Private Banks in the Development of Women Entrepreneurs" विषय पर शोध कार्य पूरा किया। उनके इस शोध में महिला उद्यमिता के विकास में निजी बैंकों की भूमिका पर गहन अध्ययन किया गया है।

संत मुरारी बापू ने श्रीनाथजी के किए दर्शन, नाथद्वारा में भक्ति का अद्भुत माहौल



24 न्यूज अपडेट

नाथद्वारा। विश्वप्रसिद्ध रामकथा वाचक एवं राष्ट्रीय संत मुरारी बापू ने गुरुवार को नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में प्रभु श्रीजी की राजभोग झांकी के दर्शन किए। दर्शन के उपरांत संत बापू ने महाप्रभुजी की बैठकजी में उपस्थित होकर विधिवत पूजन-अर्चन किया। मंदिर की परंपरा के अनुसार श्रीकृष्ण भंडार के अधिकारी सुधाकर उपाध्याय ने संत मुरारी बापू को उपरना और रजाई ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा श्रीनाथजी का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर मिराज समूह के चेयरमैन मदनलाल पालीवाल, प्रमोद पालीवाल, प्रकाश पालीवाल और रविन्द्र जोशी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। दर्शन के दौरान पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा।

एमएलएसयू के शोधार्थी पंकज शंकर लाल मीणा को मिली पीएचडी उपाधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विधि संकाय के शोधार्थी पंकज शंकर लाल मीणा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध विषय "भारत में डेटा गोपनीयता के संदर्भ में डेटा संरक्षण कानूनः यूरोपियन संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका व चीन के साथ तुलनात्मक अध्ययन" पर पूरा किया है। शोधकार्य विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय के डीन प्रो. आनंद पालीवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ। पंकज मीणा ने अपने अध्ययन में भारत सहित विभिन्न देशों के डेटा प्रोटेक्शन कानूनों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जिसमें वैश्विक स्तर पर डेटा गोपनीयता से जुड़ी नीतियों और उनके प्रभावों पर प्रकाश डाला गया है। गौरतलब है कि पंकज शंकर लाल मीणा वर्तमान में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

डॉ स्वाति पालरिया को पीएचडी की उपाधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर जनार्दन राय नागर के 21 वे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पकंज अरोड़ा एनसीटी अध्यक्ष एवं जूनागढ़ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रताप सिंह चौहान, राज्यपाल शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर कैलाश सोडाणी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलगुरु शिव सिंह सारंग देवोत द्वारा डॉ स्वाति पालरिया को अंग्रेजी में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई । डॉ स्वाति पालरिया पूर्व में फिजियोथैरेपी में डॉक्टर है, ज्योतिबा फुले टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक है। इस अवसर पर सावित्रीबाई फुले पर्यावरण शिक्षण संस्थान के निदेशक दिनेश माली दिवाकर माली, राजेंद्र पालरिया सभी ने पी एचडी करने पर हार्दिक बधाई दी।

जयपुर में 2.58 लाख की फर्जी लूट का खुलासा: पीड़ित ही निकला मास्टरमाइंड, तीन गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 13 नवंबर। जालूपुरा थाना पुलिस ने दो दिन पहले हुई 2.58 लाख रुपए की लूट का खुलासा करते हुए गुरुवार शाम तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि लूट की साजिश रचने वाला कोई और नहीं, बल्कि खुद कथित पीड़ित ही मास्टरमाइंड निकला। डीसीपी (नॉर्थ) करन शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सुरेन्द्र शर्मा (31) पुत्र गिरराज शर्मा निवासी सिकंदरा, दौसा हाल सूर्य सिटी, आगरा रोड जयपुर; अनिमेश मीणा (23) पुत्र विश्राम मीणा निवासी सिकंदरा, दौसा; और हरकेश मीणा उर्फ रामकेश मीणा (31) पुत्र शिवलाल मीणा निवासी मानपुर, दौसा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई रकम और वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। जांच में खुलासा हुआ कि सुरेन्द्र शर्मा पर भारी कर्ज था। कर्ज चुकाने के लिए उसने अपने जीजा के 2.58 लाख रुपए हड़पने की साजिश रची। उसने अपने दोस्त अनिमेश और उसके साथी हरकेश को पैसे का लालच देकर इस फर्जी लूट में शामिल किया। योजना के तहत लूट की कहानी गढ़ी गई और खुद को बेहोश बताकर सुरेन्द्र ने पुलिस को गुमराह किया। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध गतिविधियाँ सामने आने के बाद जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो पूरा सच बाहर आ गया। फिलहाल तीनों आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है।

सामुदायिक पुलिसिंग कार्यशाला: राजस्थान पुलिस का छात्रों को सुरक्षा और व्यवस्था से जोड़ने का अनूठा प्रयास



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 13 नवंबर। पुलिस ने इंडिया पुलिस फाउंडेशन (आईपीएफ) के मार्गदर्शन में एक महत्वाकांक्षी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है जिसका उद्देश्य कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को पुलिस की व्यापक जिम्मेदारियों और सामुदायिक सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना है। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव शर्मा और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सामुदायिक पुलिसिंग श्रीमती लता मनोज कुमार के मार्गदर्शन, नोडल अधिकारी श्री पंकज चौधरी के नेतृत्व और मुख्य प्रबंधक आईपीएफ श्रीमती पूनम अरोड़ा व सेवानिवृत्त आईपीएस श्रीमती विमला मेहरा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के दो चुनिंदा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों लक्ष्मण डोगरी (गलतागेट) और एसकेएन विद्यालय (जोबनेर) में शुरू किया गया।

सामुदायिक पुलिसिंग के नोडल अधिकारी आईपीएस पंकज चौधरी ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। सामुदायिक पुलिसिंग को पुलिसिंग का भविष्य बताते हुए उन्होंने बताया कि इस विशेष कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा, अपराध रोकथाम और सामुदायिक कल्याण में पुलिस अधिकारियों की बहुमुखी भूमिकाओं के बारे में जागरूकता और समझ बढ़ाना है। इसका उद्देश्य देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों जैसे कमजोर वर्गों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी है। श्री चौधरी ने बताया कि ये विशेष कार्यशालाएँ 13 से 15 नवंबर तक ग्रामीण राजकीय एसकेएन विद्यालय जोबनेर में आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यशालाओं की खासियत यह है कि विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त और सेवारत अधिकारियों से सीखने का अवसर मिल रहा है।

सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह और श्री आमोद कंठ सहित अतिथि संकाय सदस्य न्याय और किशोर गृह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, यूनिसेफ राजस्थान के प्रतिनिधि बाल अधिकारों पर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (यातायात) साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों पर और एसएफएल जयपुर के प्रतिनिधि फोरेंसिक विज्ञान के महत्व पर व्याख्यान दे रहे हैं। नगर निगम और एसडीआरएफ के प्रतिनिधि भी विद्यार्थियों को अग्निशमन और आपदा प्रबंधन पर शिक्षित कर रहे हैं।

पूरे छह दिवसीय कार्यक्रम का सामुदायिक पुलिसिंग नोडल अधिकारी श्री पंकज चौधरी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कालूराम मीणा, श्री नरेश कुमार शर्मा और श्री संजय कुमार शर्मा द्वारा बारीकी से पर्यवेक्षण किया जा रहा है।

सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को पुलिस स्टेशन और अग्निशमन केंद्र का लाइव दौरा भी कराया गया है। इससे उन्हें इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला है और पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ है।

भरतपुर पुलिस ने मोबाइल चैट के जरिए संगठित अपराध करने वाले गिरोह के सदस्य कृष्णा को दबोचा, आईफोन-15 जब्त



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 13 नवंबर। भरतपुर पुलिस ने संगठित अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोह के एक महत्वपूर्ण सदस्य को गिरफ्तार कर अवैध हथियारों की तस्करी के एक नए तरीके का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपी कृष्णावतार उर्फ कृष्णा (30) निवासी हथैनी थाना चिकसाना मोबाइल फोन और व्हाट्सएप चैट जैसे ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग करके अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त कर रहा था।

पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई को अवैध गतिविधियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग पर एक बड़ा प्रहार माना जा रहा है। थाना मथुरागेट पुलिस को बुधवार 12 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि गोविंद गुप्ता अस्पताल के पास कृष्णावतार उर्फ कृष्णा नाम का एक शख्स अवैध हथियार और कारतूस लेकर खड़ा हो है। सूचना मिलते ही एएसआई दाता राम के नेतृत्व में जाप्ते ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की जेब से एक आईफोन-15 मोबाइल फोन बरामद हुआ।

पुलिस ने जब्त किए गए आईफोन की गहनता से जाँच की। फोन की गैलरी में विभिन्न प्रकार के अवैध हथियारों के फोटो मिले। इसके अलावा व्हाट्सएप चैट को खंगाला गया तो यह बात सामने आई कि आरोपी कई मोबाइल नंबरों के माध्यम से अवैध पिस्टल, हथियार और कारतूसों की खरीदने और बेचने से संबंधित बातचीत कर रहा था। चैटिंग में अवैध हथियार की कीमत सहित फोटो भेजना पाया गया, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वह मोबाइल से चैट के जरिए संगठित अपराध को अंजाम दे रहा था।

आरोपी कृष्णा द्वारा अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करना और अन्य लोगों को सप्लाई करना किसी संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य के रूप में कार्य करना था। सप्लाई किए गए इन हथियारों का उपयोग गंभीर अपराधों जैसे लूट, डकैती, अपहरण, हत्या और उद्दापन में किया जाता था। आरोपी कृष्णावतार के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिससे उसकी संगठित अपराधों में सक्रिय भूमिका सिद्ध होती है।

आरोपी कृष्णावतार के खिलाफ थाना मथुरागेट पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मिले आईफोन-15 को बतौर सबूत जब्त कर लिया है। अब पुलिस उससे इस अवैध नेटवर्क के संबंध में और जानकारी जुटाने के लिए गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि इस पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया जा सके।

साढ़े पाँच वर्ष की अबोध बालिका से जघन्य अपराध करने वाले दरिंदे को आजीवन कठोर कारावास और 50,000 जुर्माने की सज़ा

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 13 नवंबर। झुंझुनूं पुलिस ने एक जघन्य अपराध के मामले में केस ऑफिसर स्कीम के तहत त्वरित और दृढ़ कार्यवाही करते हुए पीड़िता को मात्र छह माह की अवधि में न्याय दिलाया है। पुलिस की तत्परता और न्यायालय की त्वरित सुनवाई के परिणामस्वरूप साढ़े पाँच वर्ष की अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधी को माननीय न्यायालय ने आजीवन कठोर कारावास और 50,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस की त्वरित कार्यवाही 16 दिन में अनुसंधान पूर्ण पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन में थानाधिकारी पुलिस थाना बुहाना के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही की।

परिवादिया ने रिपोर्ट पेश की कि उनकी बेटी घर पर खेल रही थी, तभी रवि कुमार ऊर्फ कालिया निवासी घसेडा बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ गलत काम किया। अभियोग दर्ज होने के तुरंत बाद थानाधिकारी उमराव जाट की टीम ने मुल्जिम रवि कुमार ऊर्फ कालिया को तत्काल गिरफ्तार किया।

टीम ने पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया, घटनास्थल का निरीक्षण किया और मोबाइल फोरेंसिक यूनिट की मदद से भौतिक एवं जैविक साक्ष्य एकत्रित किए। सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर ठोस और कड़ीबद्ध साक्ष्यों का संकलन किया गया। पुलिस ने मात्र 16 दिनों की रिकॉर्ड अवधि में अनुसंधान पूर्ण करते हुए 17 मई, 2025 को न्यायालय में चालान पेश कर दिया। केस ऑफिसर स्कीम के तहत शीघ्र ट्रायल पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर इस मामले को केस ऑफिसर स्कीम के तहत चिह्नित किया गया और थानाधिकारी बुहाना को केस ऑफिसर नियुक्त किया गया। केस ऑफिसर ने माननीय न्यायालय द्वारा जारी सम्मनों की तुरंत तामील सुनिश्चित करवाई, जिससे सभी गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित हुई और गवाहों के बयान तुरंत लेखबद्ध किए जा सके।

पुलिस की इस दृढ़ पहल का परिणाम यह रहा कि मात्र छह माह की अवधि में ट्रायल पूर्ण हुआ। माननीय पॉक्सो कोर्ट, झुंझुनूं ने अपने निर्णय 30 अक्टूबर 2025 के द्वारा अभियुक्त रवि कुमार ऊर्फ कालिया को आजीवन कठोर कारावास और 50,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

मावली जंक्शन पर अमृत स्टेशन योजना का आधे से अधिक कार्य पूरा, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा स्टेशन परिसर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। चित्तौड़गढ़–उदयपुर रेलखंड पर स्थित मावली जंक्शन रेलवे स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्य तेजी से जारी हैं। लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे इन कार्यों में आधे से अधिक काम पूरा कर लिया गया है। कार्य को इस वर्ष के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नई स्टेशन बिल्डिंग का ग्राउंड फ्लोर तैयार करीब 1428 वर्गमीटर क्षेत्र में 14 करोड़ रुपये की लागत से नई स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। इसका ग्राउंड फ्लोर तैयार हो चुका है। भवन में पंखे और ट्यूबलाइट सहित लाइटिंग कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में स्टील बेंच लगाए गए हैं। आधुनिक शौचालयों का कार्य भी पूरा कर लिया गया है, जिसमें महिलाओं और दिव्यांगजन के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। बुकिंग और पूछताछ कार्यालयों में कार्य प्रगति पर है, जबकि फर्स्ट फ्लोर का अधिकांश कार्य भी पूरा किया जा चुका है। फुट ओवर ब्रिज और पार्किंग एरिया का काम जारी मुख्य स्टेशन बिल्डिंग, प्लेटफॉर्म शेल्टर और बुकिंग काउंटर का निर्माण पूरा हो गया है, जबकि सर्कुलेटिंग एरिया और मुख्य प्रवेश द्वार का काम जारी है। प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 और 3 को जोड़ने वाले 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का लोहे का ढांचा तैयार किया जा चुका है और अब FINISHING कार्य चल रहा है। सेकंड एंट्री की ओर बुकिंग कार्यालय और वेटिंग हॉल का निर्माण पूरा हो गया है। लगभग 9000 वर्गमीटर सर्कुलेटिंग एरिया और 1315 वर्गमीटर पार्किंग एरिया के कार्य भी अंतिम चरण में हैं।

घोषणा प्रणाली और सूचना बोर्ड हुए आधुनिक स्टेशन पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम तथा कोच इंफॉर्मेशन डिस्प्ले बोर्ड का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, साफ-सुथरा और आकर्षक स्टेशन वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य निरंतर जारी है। अजमेर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भूतड़ा ने अधीनस्थ अधिकारियों को शेष कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने और गति में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अजमेर मंडल के अंतर्गत 15 स्टेशनों पर अमृत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें मावली जंक्शन भी प्रमुख रूप से शामिल है।

37 लाख रुपये की स्मैक जब्त, टोंक के 2 आरोपी गिरफ्तार, मादक पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही जारी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 13 नवंबर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन नशा-विनाश के तहत बारां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए 135 ग्राम शुद्ध स्मैक और 49 ग्राम स्मैक टांका (कुल 184 ग्राम) जब्त की है। जब्त की गई इस स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 37 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक बारां अभिषेक अंदासु के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी और वृताधिकारी ओमेन्द्र सिंह के सुपरविजन में, थानाधिकारी सदर बारां हीरालाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो टोंक जिले के रहने वाले हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपी श्यामसुन्दर (45) अरनियां नील थाना मेहन्दवास और मनोज कुमार (25) निवासी हनुमानपुरा थाना दूनी जिला टोंक के रहने वाले है। इस संबंध में थाना बारां सदर पर प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले का अनुसंधान थानाधिकारी कोतवाली योगेश चौहान को सौंपा गया है।

पुलिस अब गिरफ्तार मुलजिमों से स्मैक की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध नेटवर्क की जड़ों तक पहुँचा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बारां पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 की सफलता के लिए बैठक आयोजित, पेंशनरों की सुविधा पर विशेष जोर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय, जयपुर में गुरुवार, 13 नवम्बर 2025 को प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री गीतिका पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य उत्तर पश्चिम रेलवे पर चल रहे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के सफल आयोजन के लिए रणनीति तय करना था। अभियान 1 से 30 नवम्बर तक उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार, 1 से 30 नवम्बर 2025 तक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सेवानिवृत्त रेलकर्मी पेंशनर अपने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (DLC) को ऑनलाइन माध्यम से अपडेट कर सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों और बैंकों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित बैठक में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सिंह, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी श्री विष्णु बजाज, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी श्रीमति निष्ठा पूरी, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री विनोद कुमार, उप मुख्य लेखा अधिकारी (सामान्य) श्री के.के. पुनिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न बैंकों से भी प्रतिनिधि शामिल हुए जिनमें भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक श्री प्रणव कुमार मिश्रा, DGM/SBI-CPPC, बैंक ऑफ बड़ौदा और आईसीआईसीआई बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक शामिल थे।

पेंशनरों की सुविधा के लिए रेलवे–बैंक समन्वय पर बल

बैठक में सुश्री गीतिका पाण्डेय ने कहा कि रेलवे प्रशासन और बैंकों के बीच प्रभावी समन्वय से ही अभियान की सफलता सुनिश्चित होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पेंशनर समय पर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकें, इसके लिए सुगम प्रक्रियाएं और सहयोगी वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो पेंशनर किसी कारणवश बैंक शाखा तक नहीं पहुँच सकते, उनके लिए रेलवे और बैंक मिलकर होम विजिट सुविधा उपलब्ध कराएं, ताकि कोई भी पेंशनर वंचित न रहे। 70 से अधिक स्टेशनों पर मेगा कैम्प 15 नवम्बर को उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 15 नवम्बर 2025 को 70 से अधिक स्टेशनों पर मेगा कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ पेंशनर अपने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। अधिक जानकारी और मार्गदर्शन के लिए पेंशनर उत्तर पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट HTTPS://NWR.INDIANRAILWAYS.GOV.IN पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत दोबारा बिगड़ी, सड़क पर लेटे; बोले – 'जान चली जाए पर यात्रा नहीं रुकेगी'



24 न्यूज अपडेट

मथुरा/पालवल। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का गुरुवार को सातवां दिन रहा। यात्रा हरियाणा से होते हुए अब उत्तर प्रदेश में दाखिल हो चुकी है। इसी दौरान मथुरा पहुंचने से पहले यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर शास्त्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें चक्कर आने पर वे सड़क पर ही लेट गए। आसपास मौजूद भक्तों ने गमछे से हवा की और उन्हें संभाला। थोड़ी देर बाद वे उठे और अचार-पराठा खाकर कुछ राहत महसूस की। गौरतलब है कि बुधवार को भी उन्हें बुखार आने पर डॉक्टरों ने चेकअप कर दवा दी थी, जिसके बाद उन्होंने थोड़ी देर आराम कर फिर यात्रा शुरू की थी। इस दौरान होडल में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा — "दिल्ली ब्लास्ट एक आतंकवादी हमला था। हमारी पदयात्रा को भी निशाना बनाकर हिंदुओं को डराने की कोशिश की गई है। हम मौलवियों से कहते हैं कि मदरसे में बच्चों को डॉ. कलाम बनाओ, डॉ. मुल्ला नहीं। वरना पूरी कौम को दिक्कत होगी।" मथुरा में 55 किलोमीटर की यात्रा चार दिन में पूरी की जाएगी। सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। एएसपी अनुज चौधरी खुद सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं, जबकि बम निरोधक दस्ते और भारी पुलिस बल को भी यात्रा में लगाया गया है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हनुमान वेशभूषा, सीता-राम की झांकी, और 108 फीट लंबे तिरंगे के साथ चल रहे हैं। शास्त्री ने कहा — "यह एक वैचारिक यात्रा है, हिंदू एकता का संदेश है। देश में दंगा नहीं, गंगा चाहिए; बम नहीं, नारियल चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि 16 नवंबर को वृंदावन में 'महा हिंदू सम्मेलन' होगा और वहीं से 'सनातन एकता यात्रा 3.0' की घोषणा की जाएगी।

चरित्र, नवाचार और समाज सेवा से ही शिक्षा होगी सार्थक

विद्यापीठ नई शिक्षा नीति 2020 की भावना का जीवंत उदाहरण : प्रो. पंकज





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को प्रतापनगर स्थित महाराणा प्रताप खेल मैदान में भव्य रूप से आयोजित हुआ। समारोह में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा को डी.लिट. की मानद उपाधि प्रदान की गई। छह हजार से अधिक विद्यार्थियों की मौजूदगी में 120 पीएचडी उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 80 बेटियाँ शामिल रहीं। वहीं, 48 स्वर्ण पदकों में 34 बेटियों ने स्थान प्राप्त किया।

समारोह का शुभारंभ कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर, कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, विशिष्ट अतिथि भक्त कवि नरसिंह मेहता विश्वविद्यालय, जुनागढ़ के कुलपति प्रो. प्रतापसिंह चौहान, राज्यपाल सलाहकार (उच्च शिक्षा) प्रो. कैलाश सोडाणी, रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली और परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। अपने संबोधन में प्रो. पंकज अरोड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "भारत को अब नौकरी खोजने वालों की नहीं, अवसर सृजन करने वाले युवाओं की आवश्यकता है।" उन्होंने युवाओं से तीन संकल्प अपनाने का आह्वान किया — चरित्र, जो ज्ञान से श्रेष्ठ है; नवाचार, जो भय से मुक्त होकर नए विचारों को जन्म देता है; और समाज सेवा, जो हर कार्य को जनहित से जोड़ती है।

उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो व्यक्ति को सक्षम और संवेदनशील दोनों बनाए। जब तकनीक में मानवीय संवेदना जुड़ती है, तभी वह कल्याणकारी बनती है। उन्होंने युवाओं से "टेक्नोलॉजी ऑफ भारत" की भावना से कार्य करने का आह्वान किया, ताकि गाँवों और वंचित समुदायों तक ज्ञान और तकनीक की रोशनी पहुँचे। असफलताओं को खुले मन से स्वीकार कर चुनौतियों का समाधान खोजने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय मूल्य और आधुनिक विज्ञान का संतुलन ही सच्ची शिक्षा का स्वरूप है। प्रो. अरोड़ा ने विद्यापीठ को नई शिक्षा नीति 2020 की भावना का सशक्त उदाहरण बताते हुए कहा कि यहाँ शिक्षा समग्र, बहुविषयक और जीवनोन्मुख है, जो विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन और सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करती है।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि "दीक्षांत केवल प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि गुरु के आशीर्वाद और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है।" उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अर्जन नहीं, बल्कि अर्पण होना चाहिए। सत्य, सेवा और संयम के तीन स्तंभों पर आधारित जीवन ही सफलता की राह दिखाता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षा से ही देश की आत्मशक्ति, कर्तव्यबोध और जिम्मेदार नागरिकता का निर्माण होता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रतापसिंह चौहान ने युवाओं को श्रम, कौशल और नवाचार के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का संदेश दिया, वहीं प्रो. कैलाश सोडाणी ने उच्च शिक्षा में साइबर जागरूकता और स्वदेशी भावना को प्रोत्साहित करने की बात कही।

समारोह की शुरुआत अकादमिक काउंसिल के प्रोसेशन और एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया। इस अवसर पर विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान के मंत्री प्रो. महेंद्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक डॉ. मोहब्बत सिंह रूपाखेड़ी, वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही, संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह, प्रो. रेणु राठौड़, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. कौशल नागदा, प्रो. रितु तोमर, डॉ. अपर्णा शर्मा, प्रो. पी.एस. रावलोत, डॉ. रश्मि बोहरा सहित विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

तकनीकी एकीकरण से ही बढ़ेगी किसानों की

उत्पादकता और आय - कृषि वैज्ञानिकों की एकमत राय



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 नवम्बर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर में आयोजित कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) के कामकाज की वार्षिक समीक्षा कार्यशाला के दूसरे दिन देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों की उत्पादकता और आय बढ़ाने के लिए तकनीकी एकीकरण पर जोर दिया। तीन राज्यों — राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 67 कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित तकनीकी सत्रों में कृषि, पशुधन और उद्यानिकी क्षेत्रों में नवाचारों और उनके प्रभावी विस्तार पर गहन चर्चा हुई। कार्यशाला की मेजबानी महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) ने की, जबकि इसका आयोजन आईसीएआर-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी जोन-2), जोधपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने प्रधानमंत्री की "अन्न-धन योजना" और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तिलहन–दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि "विकसित भारत" का सपना तभी साकार होगा जब किसान समृद्ध और तकनीकी रूप से सशक्त होगा। विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों की समूह चर्चाएँ दलहन–तिलहन उत्पादन से जुड़ी चर्चा में डॉ. विजय वीर सिंह (भरतपुर), डॉ. सुधीर कुमार (बीकानेर), डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. एस.आर. मालू, डॉ. एस.के. इंटोदिया और डॉ. वीरेन्द्र नेपालिया ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बीजीय मसाले, बागवानी और उद्यानिकी विषय पर डॉ. आर.ए. कौशिक व डॉ. एस.एस. लखावत, वहीं पशुधन व जलीय कृषि विषय पर डॉ. धीर सिंह, डॉ. लोकेश गुप्ता, डॉ. जी.जी. सोनवाने और डॉ. सुभाष चन्द्र कच्छावा ने प्रस्तुतीकरण दिए। किसानों की आय बढ़ाने संबंधी समूह चर्चा में एडीजी (कृषि विस्तार), आईसीएआर, नई दिल्ली के डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. पी.के. चक्रवर्ती और डॉ. बी.एल. जांगिड़ सहित कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान आईसीएआर संस्थानों और विभिन्न कृषि उद्योगों के निदेशकों ने भी अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।

वैज्ञानिकों ने किए अनुसंधान केन्द्रों का दौरा

कार्यशाला के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिकों की तीन टीमें गठित की गईं, जिन्होंने विषयवार समूह चर्चा के साथ-साथ एमपीयूएटी के जैविक और प्राकृतिक खेती केन्द्र तथा कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नॉलॉजी का दौरा कर वहां किए जा रहे नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। यह जानकारी डॉ. जी.एल. मीना, मीडिया प्रकोष्ठ एवं जनसंपर्क अधिकारी, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा दी गई।

आवश्यकता और आकांक्षा में तालमेल से सुखी जीवन संभव : आचार्य महाश्रमण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 नवम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ लम्बे-लम्बे डग भरते हुए मेवाड़ की ओर अपने चरण बढ़ा रहे है। श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण 13 नवम्बर को प्रातः गम्भोई से का विहार कर राजेंद्र नगर विश्व भारती एजुकेशन संस्थान पहुंचे। आचार्य श्री महाश्रमण अहमदाबाद चातुर्मास संपन्न करके राजस्थान की तरफ अपने चरण बढ़ा रहे हैं। 6 नवंबर से 5 दिसंबर तक की एक माह की यात्रा का सम्पूर्ण दायित्व मेवाड़ कांफ्रेंस द्वारा संपादित किया जा रहा है। मेवाड़ कांफ्रेंस के अनेक कार्यकर्ता और मेवाड़ के अलग अलग क्षेत्रों के श्रावक श्राविकाये आचार्य महाश्रमण और धवल वाहिनी की मार्ग सेवा और उपासना में लगे हुए है। आचार्य महाश्रमण के विहार के दौरान मार्ग में जगह- जगह ग्रामीणों, विद्यालय के बच्चों और श्रावक-श्राविकाओं द्वारा अभिवादन किया गया। आचार्य महाश्रमण ने ग्रामीणों का नशा मुक्ति की प्रेरणा दी। आचार्य महाश्रमण का अपनी धवल वाहिनी के साथ अगला पड़ाव 14 नवम्बर को गढ़ाधर में होगा। आचार्य महाश्रमण ने उपस्थित जन समुदाय और विद्यालय के बच्चों को प्रेरणा देते हुए फरमाया कि मानव जीवन में हिंसात्मक प्रवृत्ति से पाप कर्मों का बंधन होता है। यह होना स्वाभाविक है। पाप कर्मों के क्षय करने का सर्वोत्तम मार्ग धर्म का मार्ग है। बचपन में दिए सद संस्कार से उसका चरित्र का निर्माण किया जा सकता है। घर के साथ साथ विद्यालय में भी इस हेतु काम किया जाना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य आत्मनिर्भर बनना तो होता ही है साथ ही आत्म कल्याण करना और सेवा भावना बढ़ाना भी होना चाहिए। आवश्यकता और आकांक्षा में तालमेल होना आवश्यक है। मोह और परिग्रह दुख का कारण है। समता और संतोष सुख का मार्ग है। मनुष्य को अपने कर्तव्य और दायित्व को जिम्मेदारी से वहन करना चाहिए। समणी भवितप्रज्ञा ने माया के संदर्भ में अंग्रेजी में अपनी सारगर्भित बात रखी। साबरकांठा जिला कलेक्टर ललित नारायण संधू ने आचार्य महाश्रमण से प्रवचन के संदर्भ जिज्ञासा रखी जिसका आचार्य महाश्रमण ने समाधान किया। साबरकांठा जिला कलेक्टर ललित नारायण संधू, विश्व भारती एजुकेशन संस्थान के प्रधानाचार्य प्रवीण भाई चौधरी, कॉलेज कैंपस के नियामक सुरेश भाई चौधरी, कॉलेज कैंपस के प्रशासक रमेश भाई चौधरी का का साहित्य समर्पण, उपरना और स्मृति चिन्ह से अभिनंदन धनेंद्र मेहता, रमेश सोनी, कमलेश कच्छारा, महेंद्र सिंघवी, संदीप हिंगड, कांतिलाल धाकड़, अजीत छाजेड़, अशोक चोरडिया द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित जन समुदाय को मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया।

मार्ग सेवा में किशनलाल डागलिया, राजकुमार फत्तावत, भूपेंद्र चोरडिया, कमलेश कच्छारा, बलवंत रांका , सूर्यप्रकाश मेहता ,महेंद्र सिंघवी ,सुरेश चोरडिया, धनेंद्र मेहता, रमेश सोनी, कांतिलाल धाकड़, राजेश खाब्या, सुनील कोठारी, प्रेक्षा वरिष्ठ नागरिक संघ उदयपुर के मोतीलाल पोरवाल, रतन मेहनोत, अशोक लोढ़ा,महेंद्र पितलिया, राजमल चपलोत, आनंद कुमार इन्टोदिया, नरेंद्र सिंह लोढ़ा, नरेंद्र नागौरी, प्रकाश पितलिया, ताराचंद सिंघवी, मंजू चौधरी, ज्योति मेहनोत , गंगा पितलिया, पुष्पा नागौरी, हेमलता नागौरी, उषा लोढ़ा, वैभव चौधरी अक्षत पोरवाल, नमन सोनी, हर्षिल बोहरा आदि आचार्य महाश्रमण की मार्ग सेवा में सहभागी रहे।

सिटी पैलेस में हुआ जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का भव्य अनावरण

ओलंपियन अशोक कुमार ध्यानचंद और निवृत्ति कुमारी मेवाड़ रहीं मुख्य अतिथि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 नवम्बर। एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 की ट्रॉफी का भव्य अनावरण समारोह शुक्रवार को उदयपुर सिटी पैलेस परिसर स्थित महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल में हुआ। यह आयोजन हॉकी राजस्थान के निर्देशन में हॉकी उदयपुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक मेवाड़ी संगीत और सिटी पैलेस बैंड की धुनों के साथ हुआ। ट्रॉफी का अनावरण ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी अशोक कुमार ध्यानचंद एवं निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने किया। इस अवसर पर निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने कहा, "यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि विश्व विजेता खिलाड़ी ध्यानचंद जी की उपस्थिति में मैं ट्रॉफी अनावृत कर रही हूँ।" ध्यानचंद ने कहा कि "भारत दो बार विश्व विजेता रहा है, और मुझे विश्वास है कि युवा टीम तीसरी बार भी यह गौरव प्राप्त करेगी।"

हॉकी उदयपुर अध्यक्ष प्रो. दरियाव सिंह चूंडावत ने इसे उदयपुर के खेल प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण बताया। हॉकी राजस्थान अध्यक्ष अरुण सारस्वत, ट्रॉफी टूर संयोजक डॉ. कुलदीप सिंह झाला, डॉ. महिपाल सिंह निम्बाड़ा, मित्रानंद पूनिया, देवेंद्र सिंह शेखावत, नाहर सिंह झाला, कुलदीप शर्मा, डॉ. दिग्विजय सिंह राणावत और ललित प्रजापत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

ट्रॉफी बाद में विद्या भवन स्कूल पहुंची, जहां मुख्य अतिथि अशोक कुमार ध्यानचंद और अध्यक्ष राजेन्द्र भट्ट के सान्निध्य में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर : राजस्थान समाज सेवा संस्थान का सेवा मन से अभियान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्दियों की शुरूआत के साथ ही राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर ने सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण करने का सेवा मन से अभियान शुरू कर दिया है। संस्थान की ओर से बच्चों को स्वेटर के साथ ही ऊनी टोपी भी वितरित की गई। इस साल के अभियान की शुरूआत गुरुवार को बड़गांव पंचायत समिति क्षेत्र के ईसवाल स्कूल से की गई। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि कक्षा एक से पांचवीं तक के सभी बच्चों को स्वेटर के साथ ही ऊनी टोपी भी वितरित की गई है, ताकी छोटे बच्चों का ठंड से पूरी तरह बचाव हो सके। संस्थान की ओर से लगातार तीसरे वर्ष स्वेटर वितरण अभियान चलाया जा रहा है। संस्थान की सेवा टीम के युगल किशोर जोशी ने बताया कि इस बार संस्थान द्वारा बच्चों को स्वेटर के साथ ही ऊनी टोपी भी वितरित की जा रही है। ईसवाल स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू शर्मा और स्टाफ ने संस्थान का आभार जताया और कहा कि सर्दियों की शुरूआत होते ही स्कूली बच्चों को स्वेटर और टोपी मिलने से अब तेज सर्दी में भी बच्चों को स्कूल आने में परेशानी नहीं होगी।

राजस्थान कुश्ती संघ अध्यक्ष राजीव दत्ता का उदयपुर में स्वागत,

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों पर हुई चर्चा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला कुश्ती संघ, उदयपुर की ओर से राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष श्री राजीव दत्ता (विशेषाधिकारी, माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला) का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष पारस सिंघवी ने श्री दत्ता का स्वागत किया, वहीं राजस्थान कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष मांगीलाल कटारिया ने उन्हें परंपरागत मेवाड़ी पाग पहनाकर सम्मानित किया।

राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता पर चर्चा

कुश्ती प्रशिक्षक डॉ. हरीश राजोरा ने बताया कि इस दौरान श्री दत्ता ने आगामी 22 व 23 नवम्बर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेवाड़ क्षेत्र में कुश्ती को नई दिशा देने के लिए रोल मॉडल अखाड़ों की स्थापना की योजना पर भी विचार किया जा रहा है। खेलों को बढ़ावा देने का मिला आश्वासन राजीव दत्ता ने उदयपुर जिले में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए राजस्थान सरकार से अधिकतम सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेल कुश्ती को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर संसाधन और खेल सुविधाओं से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर संघ के सचिव दीपक राजोरा, सिद्धार्थ शर्मा, प्रहलाद चौहान, राजेंद्र सिंह भाटी, देवेंद्र साहू, महेंद्र राजोरा, गौरीशंकर वसीटा, यशवंत चौधरी, हेमंत आठवाल, चित्रांशु चौधरी, कृष सेन सहित कई पदाधिकारी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉ. हरीश राजोरा ने दी।



सहाड़ा के पूर्व विधायक व शिक्षाविद् डॉ. रतनलाल जाट का निधन



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। सहाड़ा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व विधायक और शिक्षाविद् डॉ. रतनलाल जाट का जयपुर के एक निजी अस्पताल में आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पिछले कई समय से मल्टीपल स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और लगातार उपचाराधीन थे। उनके निधन से सहाड़ा क्षेत्र और शिक्षा जगत में शोक की लहर है। शिक्षक से जनसेवक तक का सफर 12 दिसंबर 1948 को भीलवाड़ा जिले के सहाड़ा में जन्मे डॉ. रतनलाल जाट ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर PH.D. और LL.M. की उपाधि हासिल की। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर शिक्षक की और शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया। बाद में वे सक्रिय राजनीति में आए और जनहित के मुद्दों को मुखरता से उठाया। जनता दल से आरंभ, भाजपा में निखरा राजनीतिक जीवन डॉ. जाट ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत जनता दल से की और वर्ष 1990 में पहली बार सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़े और 1998 में पुनः विधायक बने। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्थान सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य करते हुए राज्य के शिक्षा क्षेत्र में सुधारों की दिशा में कई पहलें कीं। बीज निगम अध्यक्ष और जिला प्रमुख के रूप में भी दी सेवाएं राज्य स्तर पर उन्हें राजस्थान राज्य बीज निगम के अध्यक्ष और भीलवाड़ा जिला प्रमुख के रूप में भी कार्य करने का अवसर मिला। वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव में वे मामूली अंतर से हार गए, किंतु उन्होंने राजनीति से दूरी नहीं बनाई और 2021 के सहाड़ा उपचुनाव में पुनः भाजपा प्रत्याशी के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई।

सादगी और जनसेवा की मिसाल डॉ. रतनलाल जाट अपने सादे जीवन, शालीन स्वभाव और शिक्षा तथा ग्रामीण विकास के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उन्होंने हमेशा युवाओं को शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया। क्षेत्र की जनता उन्हें एक ईमानदार, कर्मठ और जनहितैषी नेता के रूप में सदा याद रखेगी।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।